ज्ञान महाविद्यालय
रघु परिसर
अलीगढ़

आपका परिवार, ज्ञान परिवार




# ज्ञान महाविद्यालय

NAAC Accredited

## विवरणिका

## 2025-26

# परिचय

ज्ञान महाविद्यालय की स्थापना 1998 में प्रख्यात चिकित्सक, शिक्षाविद् एवं लेखक डॉ0 ज्ञानेन्द्र गोयल जी ने की। वर्तमान में महाविद्यालय में पाँच संकायों में स्नातक स्तर पर बी0एड0, डी0एल0एड0 (बी0टी0सी0), बी0एस–सी0, बी0कॉम0, बी0ए0, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 एवं परास्नातक स्तर पर एम0कॉम0 तथा एम0एस–सी0 (गणित एवं रसायन विज्ञान) की पढ़ाई सफलता पूर्वक संचालित है। वर्ष 2012 में बी0एड0 विभाग को NAAC द्वारा “A” ग्रेड से नवाजा गया। यह डॉ0 बी0आर0 आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा का प्रथम स्ववित्त पोषित महाविद्यालय था, जिसे वर्ष 2014 में NAAC द्वारा (विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं प्रबंधन संकाय को 'B' ग्रेड से नवाजा गया। महाविद्यालय में तीन भवन–डॉ0 रघुनन्दन प्रसाद प्रशासनिक भवन, सरस्वती भवन तथा ज्ञान भवन हैं। सरस्वती भवन में जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, भूगोल, मनोविज्ञान व गृह विज्ञान की प्रयोगशालाएँ हैं तथा कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की कक्षाएँ संचालित हैं। ज्ञान भवन में शिक्षक शिक्षा विभाग बी.एड., डी.एल. एड., बी.बी.ए. एवं बी.सी.ए. की कक्षाएँ संचालित हैं तथा भाषा, कला व शिल्प, शारीरिक शिक्षा व स्वास्थ्य, विज्ञान एवं संगीत आदि के संसाधन केन्द्र हैं और सुसज्जित आई0सी0टी0 प्रयोगशाला है। सरस्वती भवन तथा ज्ञान भवन में अलग–अलग पुस्तकालय हैं। इनमें विद्यार्थियों के लिए लगभग 28000 पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालयों में जर्नल, समाचार पत्र तथा पत्रिकायें आदि भी उपलब्ध हैं। पूरे परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरे लगे हुए हैं। महाविद्यालय में अनुशासन समिति के साथ–साथ विभिन्न समितियाँ हैं। महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक–एक यूनीफार्म सत्र के प्रारम्भ में ही उपहार में दी जाती है। महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों को जोड़े रखने के लिए पुरातन विद्यार्थी समिति के माध्यम से हर वर्ष 16 दिसम्बर को महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

## हमारा दृष्टिकोण

- **सर्वश्रेष्ठ को प्राप्त करना।**

## हमारा लक्ष्य

- **ज्ञान व कौशल का प्रकाश, समाज में व्याप्त अंधकार को समाप्त करना।**



UGC चेयरमैन डॉ. वेद प्रकाश एवं NAAC डायरेक्टर डॉ. ए.एच. रंगानाथन से NAAC सर्टिफिकेट प्राप्त करते हुये डॉ. वाई के गुप्ता



नवागत कुलपति प्रो एन.बी. सिंह का ज्ञान महाविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल द्वारा स्वागत

## उद्देश्य

- **एक ऐसे संस्थान का निर्माण जिसके द्वारा वैश्विक मानव का निर्माण हो सके ताकि लोगों के बीच में एक मजबूत सम्बन्ध स्थापित हो सके तथा एक सभ्य स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर समाज का निर्माण हो सके।**

**आपका परिवार, ज्ञान परिवार**

# विभिन्न संकाय

## वाणिज्य संकाय

स्नातक स्तर पर 180 सीटें एवं परास्नातक स्तर पर 60 सीटों की मान्यता प्राप्त है।

## विज्ञान संकाय

विज्ञान संकाय – स्नातक स्तर पर जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों के साथ जीव विज्ञान समूह में 180 सीटें तथा गणित समूह में 180 सीटों की मान्यता प्राप्त है।

परास्नातक स्तर पर रसायन विज्ञान में 30 सीटें व गणित विषय में 60 सीटों की मान्यता प्राप्त है।



रसायन विज्ञान प्रयोगशाला

## कला संकाय

स्नातक स्तर पर 540 सीटों की मान्यता प्राप्त है। कला संकाय में नौ विषयों– हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान और शिक्षाशास्त्र में अध्यापन कार्य किया जा रहा है।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत सभी कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं।



मनोविज्ञान प्रयोगशाला

## प्रबन्धन / प्रौद्योगिकी संकाय

### बी.सी.ए.

वर्तमान युग कम्प्यूटर का युग है। समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कम्प्यूटर शिक्षा की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस पाठ्यक्रम में दो भाग सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर हैं। स्नातक स्तर पर 60 सीटों की AICTE द्वारा मान्यता प्राप्त है।



आई. सी. टी. प्रयोगशाला

### बी.बी.ए.

एम.बी.ए. कक्षाओं में आसानी से प्रवेश पाने के लिए बी.बी.ए. की शिक्षा प्राप्त करना आवश्यक है, यद्यपि बी.कॉम. एवं बी.बी.ए. में समानता होते हुए भी बी.बी.ए. का पाठ्यक्रम वर्तमान समय में विशिष्ट स्थान रखता है। स्नातक स्तर पर 60 सीटों की AICTE द्वारा मान्यता प्राप्त है।

## विषय चयन प्रक्रिया

1. विद्यार्थी को प्रवेश के समय दो मुख्य विषयों का चुनाव करना होगा, जो उसी संकाय से सम्बन्धित होंगे, जिसमें वह प्रवेश लेगा।
2. तीसरे मुख्य विषय का चुनाव विद्यार्थी किसी भी संकाय से कर सकता है।
3. विद्यार्थी का चौथे विषय के रूप में माइनर पेपर प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में से किसी एक सेमेस्टर में चुनना होगा, जो किसी अन्य संकाय से होना आवश्यक है।
4. स्नातक स्तर के प्रत्येक विद्यार्थी को प्रथम दो वर्षों (4 सेमेस्टर) के प्रत्येक सेमेस्टर में 3 क्रेडिट का एक वोकेशनल कोर्स करना अनिवार्य होगा।
5. विद्यार्थी को प्रत्येक सेमेस्टर में एक सह पाठ्यक्रम कोर्स करना अनिवार्य होगा।

## सह पाठ्यक्रम कोर्स की सूची निम्न प्रकार है–

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम सेमेस्टर (Ist Sem) | – | भोजन, पोषण और स्वच्छता<br>(Food, Nutrition and Hygiene) |
| द्वितीय सेमेस्टर (IInd Sem) | – | प्राथमिक चिकित्सा और स्वास्थ्य<br>(First Aid and Health) |
| तृतीय सेमेस्टर (IIIrd Sem) | – | मानव मूल्य और पर्यावरण अध्ययन<br>(Human Values and Environmental Studies) |
| चतुर्थ सेमेस्टर (IVth Sem) | – | शारीरिक शिक्षा और योग<br>(Physical Education and Yoga) |
| पंचम सेमेस्टर (VthSem) | – | विश्लेषणात्मक योग्यता और डिजिटल जागरूकता<br>(Analytic Ability and Digital Awareness) |
| षष्ठम सेमेस्टर (VIthSem) | – | संचार कौशल और व्यक्तित्त्व विकास<br>(Communication Skill and Personality Development) |

नोट :– विद्यार्थी को प्रथम सेमेस्टर में दो अनिवार्य विषय (अपने संकाय से), एक अनिवार्य विषय (किसी भी दूसरे संकाय से), एक माइनर पेपर (किसी भी दूसरे संकाय से जो महाविद्यालय में संचालित है), एक वोकेशनल कोर्स तथा एक सह पाठ्यक्रम कोर्स का अध्ययन करना अनिवार्य होगा। दूसरे संकाय (अन्य संकाय) का अर्थ– महाविद्यालय में संचालित संकाय से है।

6. स्नातकोत्तर स्तर (प्रथम वर्ष) में अनिवार्य विषयों के साथ–साथ एक माइनर पेपर का चुनाव अन्य संकाय से करना होगा, जो महाविद्यालय में संचालित है।

## स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की वर्षवार संरचना

| | | Subject I | Subject II | Subject III | Subject VI | Vocational | Co-Curricular | Industrial Training Survey Research Project | (Minimum Credits) For the year | (Commutative Minimum Credits) Required for Award of Certificate Diploma Degree |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Major | Major | Major | Minor Elective | Minor | Minor | Major | | |
| | | 4/5/6 Credits | 4/5/6 Credits | 4/5/6 Credits | 4/5/6 Credits | 3 Credits | | 4 Credits | | |
| Year | Sem. | Own Faculty | Own Faculty | Own/Other Faculty | Other Subject Faculty | Vocational / Skill Development Course | Co-Curricular Course (Qualifying) | Faculty Related to main Subject | | |
| 1 | I | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | I(4/5/6) | 1 | 1 | | 46 | (46) Certificate in Faculty |
| | II | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | | 1 | 1 | | | |
| 2 | III | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | I(4/5/6) | 1 | 1 | | 46 | (92) Diploma in Faculty |
| | IV | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | Th-1(6) or Th-1(4) + Pract-1(2) | | 1 | 1 | | | |
| 3 | V | Th-2(5) or Th-2(4) + Pract-1(2) | Th-2(5) or Th-2(4) + Pract-1(2) | | | | 1 | 1 (Qualifying) | 40 | (132) Bachelor in Faculty |
| | VI | Th-2(5) or Th-2(4) + Pract-1(2) | Th-2(5) or Th-2(4) + Pract-1(2) | | | | 1 | 1 (Qualifying) | | |
| 4 | VII | Th-4(5) or Th-4(4) + Pract-1(4) | | | I(4/5/6) | | | 1 (4) | 52 | (184) Bachelor (Research) in Faculty |
| | VIII | Th-4(5) or Th-4(4) + Pract-1(4) | | | | | | 1 (4) | | |
| 5 | IX | Th-4(5) or Th-4(4) + Pract-1(4) | | | | | | 1 (4) | 48 | (232) Master in Faculty |
| | X | Th-4(5) or Th-4(4) + Pract-1(4) | | | | | | 1 (4) | | |
| 6 | XI | 2 (6) | 1 Research (4) Methodology | | | | | 1 (Qualifying) | 16 | (248) PGDR in Subject |
| 6,7,8 | XII-XVI | | | | | | | Ph. D. Thesis | | Ph.D. Subject |

आपका परिवार, ज्ञान परिवार

## शिक्षक–शिक्षा विभाग (बी०एड०)

ज्ञान महाविद्यालय का शिक्षक शिक्षा विभाग (बी0एड०) सन् 2004 में आरम्भ हुआ, इस विभाग को सन् 2012 में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) द्वारा ‘A’ ग्रेड दिया गया। विभाग में पाठ्यक्रम के साथ-साथ अनेक प्रकार की पाठ्य-सहगामी गतिविधियों का आयोजन भी समय-समय पर किया जाता है। वर्तमान में बी0एड0 विभाग में 200 सीटों की मान्यता प्राप्त है। द्विवर्षीय बी0एड0 डिग्री कोर्स में सेमेस्टर प्रणाली लागू है। विभाग के सभी प्राध्यापक अपने-अपने विषय के विशेषज्ञ हैं। यह विभाग ज्ञान भव नामक एक पीयर रिव्यूड अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल प्रकाशित करता है।

## डी०एल०एड० (बी०टी०सी०) विभाग

महाविद्यालय में **राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तर प्रदेश, लखनऊ** से सत्र-2010-12 से बी0टी0सी0 द्विवर्षीय पाठ्यक्रम संचालित है, जिसका सत्र 2017 में नाम बदलकर डी0एल0एड0 (डिप्लोमा इन एलीमेन्ट्री एजूकेशन) कर दिया गया है। पूरे अलीगढ़ मण्डल के निजी संस्थानों में से केवल ज्ञान महाविद्यालय को सर्वप्रथम बी0टी0सी0 पाठ्यक्रम आरम्भ करने की मान्यता 50 सीटों के साथ प्राप्त हुयी थी।

# विशेषताएँ

## संस्थान

- **महाविद्यालय परिसर अलीगढ़ के पुराने रोडवेज बस स्टैण्ड तथा रेलवे स्टेशन से 6 किमी० की दूरी पर आगरा रोड, पर स्थित है।**
- **शहर से विद्यार्थियों को लाने व ले जाने के लिए बस, टेम्पों तथा टिर्री की सुविधाएँ उपलब्ध हैं।**
- **हरा भरा प्रदूषण रहित वातावरण।**
- **आदर्श शैक्षिक व्यवस्था।**
- **सुविधाओं से सुसज्जित कक्षाएँ व प्रयोगशालाएँ।**
- **रोजगारपरक केन्द्र**
- **पुरातन छात्र समिति**
- **शोध एवं प्रकाशन समिति**
- **राष्ट्रीय सेवा योजना**
- **छात्र कल्याण समिति**
- **अनुशासन समिति**
- **प्राथमिक चिकित्सा समिति**
- **ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति**

• ***स्वराज्य स्वावलम्बी योजना*** • ***पहल*** • ***ज्ञान ज्योति कार्यक्रम***



विश्व विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक श्री अजय कृष्ण यादव को ज्ञान पुष्प भेंट करती प्राचार्या



डीजी शक्ति के तहत ज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को टेबलेट वितरण करते विधायक श्री अनिल पाराशर



विधायक श्री अनिल पाराशर का सम्मान करते सचिव श्री दीपक गोयल

**आपका परिवार, ज्ञान परिवार**

## शैक्षिक सुविधाएँ

- सूचना एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र
- स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा संसाधन केन्द्र
- छात्र एवं छात्राओं के लिये अलग-अलग कॉमन रूम व प्रसाधन सुविधाएँ
- मनोविज्ञान संसाधन केन्द्र
- कक्षा एवं शिल्प संसाधन केन्द्र
- भाषा संसाधन केन्द्र
- राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट केन्द्र
- सांस्कृतिक एवं संगीत केन्द्र
- स्वास्थ्य केन्द्र
- सेमिनार कक्ष
- कैन्टीन



राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के विशेष शिविर में महाविद्यालय के चैयरमेन श्री दीपक गोयल द्वारा पुरस्कृत स्वेच्छासेवी

## छात्रवृत्ति (Scholarship)

### सरकारी छात्रवृत्ति

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग को छात्रवृत्ति/अनुदान/अनुग्रह राशि प्रदेश सरकार के द्वारा नियमानुसार प्रेषित की जाती है। इस प्रक्रिया में महाविद्यालय विद्यार्थियों का पूर्ण सहयोग करता है।

## Fee Structure 2025-26

*Prospectus Fee : Rs. 300/- Annually • Registration Fee : 1000/- One time in courses*

*University Enrollment Fee: Rs. 300/- One time in courses • University Degree Fee: Rs.300/- One time in courses*

*Vocational Course Fee: Rs. 250/- Semesterwise*

| Level | Faculty | Course | | No. of Seats | Fee* | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| U.G. | Arts | B.A. | Semester I<br>Semester II | 540 | ₹ 10,000/- | 6500/-<br>3500/- |
| | Science | B.Sc. | Semester I<br>Semester II | 360 | ₹ 13,000/- | 8500/-<br>4500/- |
| | Commerce | B.Com. | Semester I<br>Semester II | 180 | ₹ 12,000/- | 7500/-<br>4500/- |
| | Education | B.Ed. | | 200 | As per G.O. | |
| | *Education* | D.El.Ed. (B.T.C.) | | 50 | As per G.O. | |
| | *Management* | *BBA* | Semester I<br>Semester II | 60 | ₹ 25,000/- | 14000/-<br>11000/- |
| | *Technology* | *BCA* | Semester I<br>Semester II | 60 | ₹ 26,000/- | 15000/-<br>11000/- |
| P.G. | Commerce | M.Com | Semester I<br>Semester II | 60 | ₹ 13,000/- | 8000/-<br>5000/- |
| | Math | M.Sc. | Semester I<br>Semester II | 60 | ₹ 13,800/- | 9000/-<br>4800/- |
| | Chemistry | M.Sc. | Semester I<br>Semester II | 30 | ₹ 13,800/- | 9000/-<br>4800/- |

* College fees only. Examination fees & any other fees of University/Government will be charged extra.

**आपका परिवार, ज्ञान परिवार**



ज्ञान सामाजिक सरोकार समिति
द्वारा महाविद्यालय की छात्रा को विवाह के
अवसर पर सिलाई मशीन भेंट



महाविद्यालय के बी.कॉम के छात्र श्री अंश को
महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल एवं कुलपति
प्रो. चन्द्रशेखर से सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक



पढ़ेगा महाविद्यालय बढ़ेगा महाविद्यालय
कार्यक्रम का राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजन



महाविद्यालय की पुरातन छात्र समिति
द्वारा पुरातन विद्यार्थियों का सम्मान



शिक्षक शिक्षा विभाग में
आयोजित स्काउट गाइड शिविर



वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देती महाविद्यालय की छात्राएँ

## महाविद्यालय के नियम

- सभी प्रवेश राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ के नियमानुसार ही मान्य होंगे।
- महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने से पहले प्रवेशार्थी को राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ की website https://rmpssuadm.samarth.edu.in पर जाकर अपना वेब रजिस्ट्रेशन कराना होगा।
- महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को प्रत्येक कार्यदिवस में महाविद्यालय आना होगा।
- परीक्षा के लिये कम से कम 75% बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य है।
- महाविद्यालय में निर्धारित गणवेश (यूनीफार्म) में ही उपस्थित होना अनिवार्य है।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार महाविद्यालय की सभी आन्तरिक मूल्यांकन परीक्षाओं में विद्यार्थी की उपस्थिति अनिवार्य है।
- महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतः वर्जित है।
- महाविद्यालय प्रांगण या आस–पास के क्षेत्र में धूम्रपान पूर्णतः वर्जित है।
- महाविद्यालय की सम्पत्ति को नुकसान पहुँचाना पूर्णतः वर्जित है।
- महाविद्यालय में विद्यार्थी के पास परिचय पत्र होना अनिवार्य है।

NO RAGGING


**GYAN MAHAVIDYALAYA**

Affiliated to : Raja Mahendra Pratap Singh University, Aligarh (U.P.)

**Agra Road, Aligarh - 202002 Ph. : 9219419405, 9319098625**

E-mail: gyanmv@gmail.com *'Gyan Parivar'*

Website : www.gyanmahavidhyalaya.com